जनकल्याण शिविर में शिकायतों का निराकरण

तबादला नीति के काम में व्यस्त होने के कारण नहीं पहुंचे कलेक्टर

शिविर में आई शिकायतों का मौका पर किया गया समाधान

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में रविवार को मोहनगढ़ पंचयात भवन में खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित खंड स्तरीय जनकल्याण शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की शिकायतें एवं मांगें सुनीं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में कुल आवेदन 126 राजस्व विभाग के 37 आवेदन प्राप्त हुए तथा अन्य विभागों से 89 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से अधिकतर आवेदनों पर निराकरण किया गया।

शिविर के दौरान शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके क्षेत्र में ही सुनिश्चित करना है। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित इस पहल की सराहना की और प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया।

आबेदनों पर सुनबाई कि गई शिविर मे प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अभय सिंह एवं ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निराकरण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए। आयोजित शिविर मे सबसे ज्यादा समस्याएं गावों मे बिजली और पानी ना मिलने कि प्राप्त हुई गोरतलब है कि शिविर में दोनों विभागों की जिम्मेदार उपस्थित नहीं हुए।

मोहनगढ़ कस्बे के लोगों ने आरोप लगाया कि मोहनगढ़ में कछुआ गति से नल जल योजना के निर्माण कार्य चल रहा है लोगों का आरोप है कि जल जीवन मिशन का कार्य करवा रहे ठेकेदार के द्वारा मोहनगढ़ कस्बे की मुख्य सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है कि लोगों को ठेकेदार समय से पहले पानी तो नहीं दे सके पर आए दिन ही रहे सडक हादसों पर विराम लगना चाहिए। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित इस पहल की सराहना की और प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया।

शिविर में तमाम अधिकारी रहे मौजूद

रविवार को मोहनगढ़ के शिविर में आबेदनों पर सुनबाई कि गई। शिविर मे प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अभय सिंह एवं ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निराकरण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए। आयोजित शिविर मे प्रभारी तहसील सावंत सिंह, कार्यपालक मजिस्ट्रेट अभय सिंह नायव तहसीलदार विष्णु सोनी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज जैन, महिला बाल विकास सुपरवाइजर रिंकी तिवारी, राजस्व निरीक्षक धरनीधर सौर, मोहनगढ़ सरपंच अखलेश केवट के साथ तहसील के समस्त पटवारी, पंचयात सचिव, रोजगार सहायक एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण कराया गया।

आरोपों को बताया निराधार

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

बीते दिनों खरगापुर की कांग्रेस विधायक के परिजनों पर लगे आरोप के बाद अब उनका पक्ष भी सामने आया है और उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है।

मामले मे राजेन्द्र सिंह गौर ने बताया कि जिस जमीन को लेकर उन पर आरोप लगे हैं वह सारे झूठे उस जमीन की रजिस्ट्री उनके पास है और वह उस पर अपना कब्जा चाह रहे हैं, परन्तु दबंगों द्वारा उनकी भूमि को नहीं छोड़ा जा रहा है. उन्होंने जब इसकी शिकायत की तो उन पर झूठी आरोप थोपे जा रहे हैं। यहां आपको बता दें कि यह पूरा मामला चर्चा में इसलिए आ गया है कि राजेन्द्र सिंह गौर खरगापुर की कांग्रेस विधायक चंदा रानी गौर के जेठ है. मामले को लेकर बीते दिनों स्व. अंबिका प्रसाद द्विवेदी के परिजनों ने उन पर जान से खतरा होना बताया था, जिस पर उन्होंने अपना पक्ष रखा।

टीकमगढ़ जिले की डायरी

पार्टी की अंतर्कलह से प्रभारी मंत्री भी खफा

पार्टी की अंतर्कलह के कारण जिले की प्रभारी मंत्री भी खफा चल रही हैं . इसलिए वह जिले के दौरे पर कम आती है, बल्कि अपने दूसरे प्रभार वाले जिले में अक्सर विकास कार्यों की सौगातें देती नजर आती है . खबर है कि इस जिले के नेता उनके पास जिले के विकास की बात करने की बजाए शिकायतों की फाईलें लेकर पहुंचते हैं . पार्टी के अलग-अलग गुट वाले नेता एक-दूसरे की शिकायतें देने जाते हैं . इससे प्रभारी मंत्री खफा हैं . यहां शिकायतों में सबसे बड़ा जो विषय होता है वह होता है कि यह भाजपा में रहकर काम कर रहा है, जबकि यह भाजपाई नहीं कांग्रेसी है . जिससे प्रभारी मंत्री उस झूठी शिकायत पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करा दें . हालांकि प्रभारी मंत्री अब इस पूरी चालाकी को बखूबी समझ चुकी हैं . इसलिए उन्होंने इस जिले से ही अपनी रुचि कम कर दी हैं . उनके करीबी कहते हैं कि यहां नेता जिले का विकास नहीं, बल्कि अपनी ही पार्टी का विनाश करने में लगे हैं .

आज टीकमगढ़ में लगेगी तबादलों की झड़ी

आज टीकमगढ़ में लगेगी तबादलों की झड़ी . यह बात इसलिए कही जा रही है क्योंकि आज तबादला नीति की अंतिम तिथि है . इसलिए आज देर रात तक तमाम विभागों के कई अधिकारी, कर्मचारी इधर से उधर हो जाएंगे। इतना ही नहीं इसकी पूरी सूची तैयार होकर सिर्फ जारी होने की देरी है . जिले स्तर वाले तबादलों पर प्रभारी मंत्री ने अनुशंसा कर दी है जो कभी भी जारी हो सकती है . कई विभागों के अधिकारी हाल में बदले जा चुके हैं . अब जो बचे हैं उनका नंबर है . शिक्षकों से लेकर अन्य विभागों में लंबे समय से जमे कर्मचारियों का तबादला होना तय बताया जा रहा है, वहीं पुलिस विभाग की भी सूची तैयार है जो कभी भी जारी हो सकती है . इतना ही नहीं तबादलों के चक्कर में कई नेताओं ने अपना डेरा भोपाल में डाल रखा है, जो अपने करीबियों की मनचाही पोस्टिंग चाह रहे हैं . हालांकि जिले की कोर कमेटी द्वारा भेजे गए नामों पर ही विचार किया जा रहा है . आज अंतिम दिन है, इसलिए सूची आना तय है।

...आखिर में बात महिला अफसर के एक्शन की .

...आखिर में बात कर लेते हैं जिले के एक विभाग में पदस्थ महिला अफसर की . जो अध्यक्ष पद भी संभाल रही हैं . उनके तेज तर्रार व्यवहार एवं साफ छवि की चर्चा खूब हैं . यह अधिकारी 45 डिग्री तापमान में भी सड़कों पर दिखाई देती हैं, इन्होंने बीते दिनों निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही पर ऐसा एक्शन लिया कि पूरे प्रदेश में छा गई।

आमिर खान, दैनिक नवभारत

अज्ञात कारणों से तालाब की मछलियां मृत

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले के लुहर्रा गांव में स्थित ऐतिहासिक चंदेलकालीन तालाब में लाखों मछलियां मृत अवस्था में मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। तालाब के किनारे बड़ी संख्या में मृत मछलियां तैरती और सड़ती हुई दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब में किसी अज्ञात व्यक्ति अथवा ठेकेदार द्वारा जहरीला पदार्थ डाला गया है, जिसके कारण यह घटना हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार तालाब में अचानक बड़ी संख्या में मछलियों की मौत होने से आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैलने लगी है। इससे गांव में हैजा और अन्य जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब का पानी पशु भी पीने से बच रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृत मछलियों के नमूने लेकर उनकी जांच कराई जाए ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

आज फार्म जमा करने की अंतिम तिथि

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

योजना के अंतर्गत मत्स्य क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न नवाचार गतिविधियों के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

योजना में झीगा पालन, ग्रामीण तालाबों में मत्स्यबीज संबर्धन, मत्स्य पालन, स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना तथा मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया है। योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 जून निर्धारित की गई है। जिसकी सभी तैयारियां हो चुकी है।

सर्वेक्षण के दौरान मिलीं 210 दुर्लभ पांडुलिपियां

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के बाद जिले में ज्ञान भारत मिशन के तहत पांडुलिपियों की खोज और पंजीयन अभियान ने गति पकड़ ली है। जिले के जैन मंदिरों और समाज के प्रतिष्ठित परिवारों में किए गए सर्वेक्षण के दौरान 210 से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें कई 150 से 250 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं। इसके लिए समाज ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की सराहना की ।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं साहित्यिक महत्व की पांडुलिपियों का विशेष अभियान चलाकर सर्वेक्षण कराया जाए तथा उन्हें ज्ञान भारतम् ऐप के माध्यम से पंजीकृत किया जाए।

इस दौरान जैन प्रतिष्ठाचार्य संजय जैन, प्रदीप जैन, ज्ञानचंद जैन, विनय सुनवाहा, मयंक जैन तथा श्रीपाल नायक सहित समाज के अनेक वरिष्ठजनों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। जिले के जैन मंदिरों और समाज के प्रतिष्ठित परिवारों में किए गए सर्वेक्षण के दौरान 210 से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई है।

25 को लगेगा रोजगार मेला

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शापीजी कॉलेज, में 25 जून को युवा संगम , रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जावेंगे । उक्त युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों , समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

यूपी पुलिस ने पकड़ा धोखाधड़ी का आरोपी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। सस्ते दामों पर सोना दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को झांसी उत्तरप्रदेश के बरुआसागर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक टीकमगढ़ जिले के भगवंतपुरा गांव का रहने वाला है।

उत्तरप्रदेश पुलिस के अनुसार आरोपी दीपचंद्र कुशवाहा ने दीपक दुबे और उसके साथी को कम कीमत में बड़ी मात्रा में सोना उपलब्ध कराने का लालच दिया था। उसने सोने का नमूना भी दिखाया। नमूना देखने के बाद पीड़ितों ने आरोपी को 10 लाख रुपए दे दिए लेकिन रकम मिलने के बाद दीपचंद्र फरार हो गया। घटना के बाद दीपक दुबे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। इसी बीच बरुआसागर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपचंद्र को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 6 लाख 27 हजार रुपए नकद, एक देसी कट्टा, कारतूस और मोबाइल बरामद किया है। सस्ते दामों पर सोना दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है।

अवैध खनन पर कार्यवाही

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

तहसीलदार लिधोरा निशांत चौरसिया ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लिधोरा खास में राका पत्नी राकेश बिहारी शर्मा की भूमि खसरा न. 2825/2 में अवैध खनन पाया गया। मौके पर एलएनटी मशीन अवैध खनन करती हुई पाई गई। इसे जब्त कर थाना प्रभारी लिधौरा के सपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार लिधोरा खास में राका पत्नी राकेश बिहारी शर्मा की भूमि पर अवैध खनन पाए जाने पर यह कार्यवाही हुई है।

21 को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर देशभर में 21 जून को भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भारत सरकार ने अधिकतम जनसहभागिता के माध्यम से गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भारत का नाम दर्ज कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसीक्रम में विश्व योग दिवस के लिए 14 दिवसीय काउंट डाउन अभियान प्रारंभ हो गया है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने बताया कि योग को जन- जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ्य भारत निर्माण के उद्देश्य से व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस एतिहासिक अभियान का हिस्सा बनें और अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराएं। पंजीयन के लिए नागरिकों से अपील की है। अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी इस अभियान से जोड़ने का आग्रह किया गया है, ताकि 21 जून को आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में शामिल हो।

एडीआर भवन में जागरुकता कार्यक्रम में अधिकारी शामिल

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन के सभाकक्ष में श्रवण एवं वाक् बाधित व्यक्तियों को उनके विधिक अधिकारों, शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से अनुगूंज शीर्षक पर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश व्यापी विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मुख्य संरक्षक माननीय न्यायमूर्ति विवेक रूसिया के करकमलों द्वारा किया गया।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

महिला कृषक को दिया गया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. किरार के मार्गदर्शन में विगत दिवस केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. यू.एस. धाकड़ एवं डॉ. आई.डी. सिंह के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों पांडेर, महोबिया, चंदेरीखास, करमासन घाट एवं रेलवे ब्रिज झाँसी रोड टीकमगढ़ में प्रशिक्षण आयोजित कर कृषक एवं महिला कृषक को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. बीएस किरार द्वारा आगामी खरीफ फसलें उड़द, सोयाबीन, तिल एवं मूंगफली हेतु खेत एवं उन्नत किस्म बीज का चयन, फफूंद नाशक से बीजोपचार, उचित बीज दर 8 किग्रा, 30 किग्रा, 2 किग्रा, 40 किग्रा, प्रति एकड़ क्रमश , कतार विधि से बुवाई, मिट्टी परीक्षण उपरांत संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग के साथ ही सभी उर्वरक बुवाई के समय आधार रूप में देना चाहिए। वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह द्वारा बताया गया कि मृदा परीक्षण हेतु मृदा नमूना लेने की विधि एवं परीक्षण के विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए अन्य विषयों पर चर्चा हुई।

20 हजार से अधिक लोगों का योगा के लिए रजिस्ट्रेशन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी आयुष संस्थानों में योगा शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। 28900 लोगों का योगा रजिस्ट्रेशन हुआ।

डॉ. बंशी लाल अहिरवार ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा इसी के परिपेक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा जनसामान्य को योग दिवस के पूर्व अभ्यास हेतु जिले की समस्त आयुष संस्थानों द्वारा योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं उनके स्वास्थ्य का संवर्धन करना और अधिक से अधिक लोग इन योग शिवरों में शामिल हो जिससे आपका शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हो सके। अभी तक आयुष विभाग की सभी संस्थाओं द्वारा लिंक एवं मिस्ड कॉल के माध्यम से लगभग 28900 लोगों का योगा रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं और आगे भी लोगो को योग के बारे में जागरूक करते रहेंगे। उपवन पार्क में योगा शिविर लगा कर योग कराया जा रहा है और लोगों को उनकी दिनचर्या के बारे में उन्हें विस्तार से बताया ।

मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

ज्ञापन | **समस्याओं से प्रशासन को कराया अवगत**

ओबीसी महासभा ने 12 सूत्रीय मांगों का दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

पलेरा। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़े वर्ग के हितों तथा स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर ओबीसी महासभा मुखर हो गई है। संगठन के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने पलेरा मुख्यालय पर एकत्रित होकर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत 12 सूत्रीय ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार को सौंपा। इस मांग पत्र के माध्यम से जहां एक ओर राष्ट्रीय नीतियों में बदलाव की मांग की गई, वहीं दूसरी ओर बुंदेलखंड अंचल की बुनियादी समस्याओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान खींचा गया।

जानकरी के अनुसार इस गरिमामयी प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान ओबीसी महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चतुर्भुज कुशवाहा, जिला अध्यक्ष उत्तम नापित तथा प्रदेश सचिव सीताराम लोधी सहित संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नीतिगत और क्षेत्रीय सुधारों का खाका प्रमुख मांगें ज्ञापन में शामिल मांगों को प्रशासनिक और विकासपरक दृष्टिकोण से तीन मुख्य श्रेणियों में देखा जा सकता है राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नीतिगत मांगें जातिगत जनगणना में भागीदारी आगामी राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्रों में ओबीसी वर्ग के लिए एक पृथक कॉलम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

आरक्षण का अधिकार ओबीसी वर्ग के लिए रोके गए 13 प्रतिशत आरक्षण को बहाल कर कुल 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सुनिश्चित किया जाए। समान शिक्षा प्रणाली- देश के भीतर शिक्षा में पूर्ण समानता स्थापित करने के उद्देश्य से यूजीसी बिल को तत्काल प्रभावी रूप से लागू किया जाए।कृषि सुधार और एमएसपी अन्नदाताओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए।

ज्ञापन में इनके नाम रहे शामिल

इस मौके ओबीसी महासभा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सीबी कुशवाहा, ओबीसी महासभा प्रदेश सचिव सीताराम लोधी, ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष उत्तम नापित,चंद्रपाल सेन ब्लॉक उपाध्यक्ष पलेरा ,विजय ,नीरज ,गौरव सेन राजेंद्र ,अखिलेश, सुनील, रामकृपाल ,राहुल, अशोक ,यशपाल तमाम ओबीसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिलाओं के खातों में आई योजना की राशि

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सागर जिले केसली विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहिना योजना के अंतर्गत प्रदेश की एक करोड़ों से ज्यादा लाड़ली बहनों के खाते में करोड़ों रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस दौरान जिले की लाखों लाड़ली बहनों को राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

इस अवसर पर जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सागर जिले के केसली में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मासिक आर्थिक सहायता राशि मिलने पर लाड़ली बहनों के चेहरों में खुशियों की लहर है तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने रविवार को सागर जिले के केसली में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश की एक करोड़ों लाड़ली बहनों के खाते में करोड़ों रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।